ग्वालियर | गुरुवार । 7 अगस्त 2025 । वर्ष 30 । अंक 180 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से


5 प्रदेश में कब तक असुरक्षित रहेंगी बेटियां : जीतू


6 भारतीय हथकरघा भविष्य को बना रहे सशक्त


7 अमेरिकी टैरिफ का असर सीमित : रिपोर्ट


10 प्लेयर ऑफ द मंथ की रेस में गिल, मुल्डर, स्टोक्स

# पांच साल बाद चीन जाएंगे मोदी

**30** अगस्त को पहले जापान जाएंगे | **31** अगस्त को चीन पहुंचेंगे | **2024** में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान कजान में मोदी-जिनपिंग मुलाकात हुई थी

- गलवान के बाद जिनपिंग से होगी मोदी की गलबहियां
- भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली, 6 अगस्त. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत ने अपने व्यापारिक नीतियों में बदलाव करते हुए अमेरिका को सबक सिखाने के लिए चीन की तरफ रुख अपनाया है. इसी के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में दो महत्वपूर्ण विदेश यात्राओं पर निकलने वाले हैं. वह 30 अगस्त को पहले जापान जाएंगे, जहां वे भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. इसके बाद, वह सीधे चीन के तियानजिन शहर जाएंगे, जहां 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगे.**

यह दौरा कूटनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जा रहा है. गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच विवाद (15 जून, 2020) हुआ था. 2019 के बाद मोदी की ये चीन की पहली यात्रा है. एससीओ के सदस्य देशों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, और व्यापार जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी. भारत-चीन संबंधों में स्थिरता और संवाद की बहाली की कोशिश होगी. जापान यात्रा के दौरान पीएम मोदी अपने समकक्ष प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात करेंगे. भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन में दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी साझेदारी को विस्तार देने पर चर्चा होगी.

मुख्य मुद्दों में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना, जिसमें जापान की नई शिंकानसेन ई10 तकनीक को शामिल करने की संभावना है, शामिल है. इसके अलावा रक्षा सहयोग, इंडो-पैसिफिक रणनीति, समुद्री सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और जापानी निवेश को बढ़ावा देने पर भी चर्चा होगी.

यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक है क्योंकि 2020 की गलवान घाटी झड़प के बाद यह पीएम मोदी की पहली चीन यात्रा होगी. तियानजिन में आयोजित एससीओ सम्मेलन में पीएम मोदी आतंकवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार सहयोग, और संपर्क व्यवस्था जैसे मुद्दों पर संबोधन देंगे.

सूत्रों के अनुसार, भारत-चीन संबंधों में स्थिरता बहाली और सीमा तनाव में कमी के प्रयासों को आगे बढ़ाने पर विशेष चर्चा हो सकती है. इससे पहले अक्टूबर 2024 में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान कजान में मोदी-जिनपिंग मुलाकात हुई थी, जिसके बाद सीमा विवाद सुलझाने की दिशा में गति आई थी. अब यह यात्रा दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली का एक और प्रयास मानी जा रही है.




### कर्तव्य भवन से तय होगी राष्ट्र की दिशा : मोदी

**कर्तव्य भवन-3 का किया उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजधानी दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया. इसके बाद एक सार्वजनिक समारोह में देश को संबोधित करते हुए उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक क्षण करार दिया. पीएम मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है और आज हम आधुनिक भारत के निर्माण की श्रृंखला में एक और उपलब्धि के साक्षी बन रहे हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्तव्य भवन-3 केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की नीतियों और निर्णयों का केंद्र बनेगा. उन्होंने कर्तव्य भवन, नया संसद भवन, भारत मंडपम, रक्षा भवन और युद्ध स्मारक जैसे निर्माणों को राष्ट्र के भविष्य का दिशा-निर्धारक बताया. प्रधानमंत्री ने कहा, कर्तव्य हमारे संस्कारों का मूल है, यह सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों के सपनों की तपोभूमि है. कर्तव्य हर जीवन में प्रेरणा की जोत जलाता है, यही मां भारती की ऊर्जा है. उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्तमान में दिल्ली में केंद्र सरकार के कई मंत्रालय 50 से अधिक किराए के भवनों में काम कर रहे हैं, जिन पर सालाना लगभग 1,500 करोड़ रुपये का किराया खर्च हो रहा है. कर्तव्य भवनों के निर्माण से यह बोझ कम होगा और प्रशासन अधिक सुदृढ़ और दक्ष बनेगा. उन्होंने यह भी बताया कि नए भवनों में सौर ऊर्जा का भी उपयोग किया जा रहा है जिससे ये पर्यावरण के अनुकूल होंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार की समग्र विकास योजनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि देश में 30,000 पंचायत भवन, 4 करोड़ से अधिक पक्के घर, 300 नए मेडिकल कॉलेज और 1300 से अधिक अमृत भारत रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं. पीएम मोदी ने अंत में कहा कि कर्तव्य और अधिकार एक-दूसरे से जुड़े होते हैं, और जब सरकार अपने कर्तव्यों को गंभीरता से निभाती है, तब देश में गुड गवर्नेंस दिखाई देता है.

# कट्टा अड़ाकर 32 .63 लाख लूटे, बाइक पर आए थे नकाबपोश बदमाश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 अगस्त।** शराब कारोबारी के मुनीम से ग्वालियर में बुधवार को शराब कारोबारी के मुनीम से 32 लाख 63 हजार रुपए की लूट हो गई। बाइक से आए नकाबपोश बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर मुनीम से कैश से भरा बैग छीन लिया। मुनीम यह कैश बैंक में जमा करने जा रहे थे। लूट की वारदात कोटेश्वर रोड स्थित चामुंडा देवी मंदिर के पास की है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी धर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज निकलवाए। एक फुटेज में लूट की वारदात कैद हो गई। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की बाइक मुरैना के रजिस्ट्रेशन नंबर की है। यह बाइक ग्वालियर-मुरैना रोड पर जलालपुर के पास एक पेट्रोल पंप के पास खड़ी मिली है।

**शराब कारोबारी के मुनीम बने बदमाशों के शिकार**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब कारोबारी जगदीश शिवहरे के मुनीम आशाराम कुशवाह के साथ बुधवार सुबह लूट हो गई। बताया जाता है कि विनोद, लक्ष्मण, मनोज और जगदीश शिवहरे चार भाई हैं। इनका निवास कोटेश्वर मंदिर के पास चंद्र नगर में है। चारों भाइयों के नाम से ट्रांसपोर्ट नगर, लक्ष्मीगंज, आनंद नगर, गोल पहाड़िया, हनुमान चैराहे, गुरवाई, नई सड़क, जिंसी नाला, महाराजबाड़ा, रॉक्सी पुल आमखो, मुर्गी फार्म सहित 14 शराब के ठेके पर दुकानें हैं। सभी दुकानों से पैसों का कलेक्शन शाम को इकट्ठा होकर घर आता है और सुबह बैंक में जमा कराया जाता है। रोज की तरह बुधवार सुबह भी मुनीम आशाराम कुशवाह शराब दुकानों का कलेक्शन 32 लाख 63 हजार रुपए बैग में लेकर जा रहे थे।




### बैंक के लिए निकले थे मुनीम तभी हो गई वारदात

मुनीम कोटेश्वर रोड स्थित शराब दुकान से बुधवार सुबह 11 बजे बैंक के लिए निकले थे। मुनीम अपनी स्कूटी से चामुंडा देवी मंदिर के पास ही पहुंचे थे कि बाइक और ऑटो में पहुंचे बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले एक बदमाश ने उनके सीने पर कट्टा अड़ा दिया और दूसरे ने बैग छीन लिया। इसके बाद बदमाश बहोड़ापुर की तरफ भाग गए। घटना की सूचना मुनीम ने तत्काल शराब कारोबारी और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसएसपी धर्मवीर सिंह मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल प्रारंभ की। पुलिस ने अपाचे बाइक सवार बदमाशों की तलाश में पूरे शहर में नाकाबंदी कर दी है। जांच में पुलिस को पता चला है कि मुनीम पैसा जमा कराने रोज कार से जाया करते थे। आज पहली बार स्कूटी पर जा रहे थे। तभी यह लूट की घटना हो गई। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## एक नजर में

### रेपो रेट में नहीं हुआ बदलाव

**नई दिल्ली.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक में रेपो रेट को 5 .5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है. लगातार तीन बार रेपो दर में कटौती के बाद इस बार कोई बदलाव नहीं किया गया. इसका सीधा असर यह होगा कि जिन लोगों ने ऋण (लोन) ले रखा है, उनकी ईएमआई में कोई राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि आमतौर पर रेपो दर घटने पर ही बैंक ब्याज दरें घटाते हैं. रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है. इस नीति के तहत आरबीआई का रुख तटस्थ (न्यूट्रल) बना हुआ है. आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि कोर मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के आसपास स्थिर है.

### अमेरिका विमान दुर्घटना में 4 लोगों की मौत

**एरिज़ोना.** अमेरिका में एरिज़ोना प्रांत के नवाजो नेशन में बुधवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गयी. नवाजो नेशन पुलिस ने फेसबुक पर बताया, दुर्घटना के समय यह छोटा विमान पास के एक अस्पताल से एक मरीज को लेने जा रहा था. पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना अपराह्न करीब 12.40 बजे एरिज़ोना के चिनले के पास हुयी. एक रिपोर्ट में नवाजो पुलिस के हवाले से बताया, हम पीड़ितों के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं. संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बताया कि विमान बीचक्राफ्ट 300 था, जो नवाजो नेशन के चिनले म्यूनिसिपल हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

## गुस्ताखी माफ




# लाड़ली बहनों को आज 1500 की राशि

## राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ कार्यक्रम में सीएम करेंगे राशि अंतरित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत् गुरुवार 7 अगस्त को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ से प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार 823 लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 859 करोड़ 1 लाख 32 हजार 350 रूपये की राशि का अंतरण करेंगे.**

इस बार लाड़ली बहनों को नियमित किस्त 1250 रूपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये भी दिये जाएंगे. इस प्रकार प्रत्येक लाड़ली बहना को रक्षाबंधन के पूर्व 1500 रूपये मिलेंगे.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं और गैर श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों और विशेष पिछड़ी जनजाति की आर्थिक सहायता योजना के तहत पंजीकृत महिलाओं को गैस रिफिल की राशि भी प्रदाय करेंगे. योजना के तहत् मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेण्डर रिफिलिंग के लिये 43.90 करोड़ रूपये की सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहगढ़ में होने वाले रोड-शो में भी शामिल होंगे.

# अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा सुनिश्चित करे सरकार

## राज्य सरकारें चार हफ्ते में अधिसूचनाएं जारी करें : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, 06 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राज्यों को निर्देश दिया कि वे अनाथ, कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा देने की अनुमति संबंधी अधिसूचनाएं चार सप्ताह के अंदर जारी करें.**

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया.

पीठ ने कहा, दिल्ली, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश,



गुजरात ने पहले ही अनाथ बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12(1)(सी) की परिभाषा में शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. बाकी राज्य भी इस संबंध में प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी कर लें.

शीर्ष अदालत ने राज्यों को उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करने का भी निर्देश दिया जिन्हें स्कूलों में प्रवेश दिया गया है और जिन्हें दाखिले से मना कर दिया गया. अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि संबंधित सर्वेक्षण में दाखिले से इनकार करने का कारण दर्ज किये जाएं. शीर्ष अदालत कहा, सर्वेक्षण के साथ ही ऐसे (अनाथ) बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाने के प्रयास किए जाने चाहिए. याचिका में मानकीकृत शिक्षा, आरक्षण और भारत में अनाथों की आबादी की गणना के लिए एक सर्वेक्षण का निर्देश देने की मांग की गई है.

### गायब 65 लाख लोगों का विवरण दें चुनाव आयोग

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाये गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे. न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया.

# सभी एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर

**नई दिल्ली. 6 अगस्त. देशभर के एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. बीसीएएस (ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी) को खुफिया एजेंसियों से सूचना मिली है कि 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 के बीच बड़े आतंकी हमले की आशंका है.**

इसके मद्देनज़र नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी हवाई अड्डों, हेलीपैड, हवाई पट्टियों और प्रशिक्षण संस्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं. खुफिया इनपुट में बताया गया कि कुछ असामाजिक तत्व देश की हवाई सुरक्षा को निशाना बना सकते हैं. सभी एयरपोर्ट्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है.

सुरक्षा बलों को टर्मिनल, पार्किंग एरिया और परिसर में 24 घंटे गश्त के निर्देश दिए गए हैं. अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों पर भी विशेष निगरानी की जा रही है, कार्गो और मेल पार्सल की कड़ी जांच हो रही है.

एयरपोर्ट अथॉरिटी को निर्देश दिया गया है कि सभी आगंतुकों, कर्मचारियों और ठेकेदारों की पहचान की जांच की जाए. बिना अनुमति किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा. सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है और संदिग्ध वस्तुओं या गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई का आदेश है.

# विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, मप्र विधानसभा के मानसून सत्र का बुधवार देर शाम सत्रावसान हो गया. सत्र 28 जुलाई से आहुत किया गया था, जो कि 8 अगस्त तक संचालित होना था, लेकिन रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय से दो दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया. इस दौरान 8 बैठकें हुई.**

सत्र के अंतिम दिन एक नया रिकॉर्ड भी बना, जब 8 विधेयक पारित किये गये. सबसे बड़ी बात कि सभी विधेयकों पर बाकायदा सदन में चर्चा भी हुई. मानसून सत्र में राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि का प्रथम अनुपूरक बजट पहले ही पारित करा लिया था. इस तरह सरकार का सबसे बड़ा बिजनेस पहले ही पूर्ण हो गया था, उसके बाद विधेयकों को पारित कराने का सिलसिला शुरू हुआ. इस दौरान एक दर्जन से अधिक विधेयक भी पारित किये गये, जिसमें मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025 और मप्र जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक 2025 भी शामिल है. सत्र समाप्ति के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने अगले माह सेवानिवृत्त हो रहे विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी.

**आठ विधेयक पारित**




अध्यक्ष ने संबोधन के दौरान बताया कि सत्र के दौरान 3377 कुल प्रश्न प्राप्त हुए, इनमें तारांकित 1718 और अतारांकित, 1659 प्रश्न शामिल थे. ध्यानाकर्षण की 840 सूचनाएं मिली, जिसमें 32 को ग्राह्य किया गया. शून्यकाल 308 सूचनाएं भी मिली, वही 14 शासकीय विधेयक भी पारित किये गये.

# ट्रंप की धमकियों के बीच रूस पहुंचे अजित डोभाल

- तेल-टैरिफ और एस-400 पर होगी रणनीतिक वार्ता
- इसी हफ्ते रूस पहुंचने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़

**मॉस्को/नई दिल्ली , अगस्त. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रूस पहुंच गए हैं. इसी बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की.**

डोभाल का रूस का दौरा पहले से तय था, लेकिन जिस तरह से ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है, उसने इस यात्रा को और भी अहम बना दिया है. सूत्रों के अनुसार भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी इस महीने के अंत में रूस यात्रा पर जाएंगे . एक रूसी न्यूज़ एजेंसी के अनुसार डोभाल का यह दौरा भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए हो रहा है.



सूत्रों के अनुसार डोभाल की रूस यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी उनकी मुलाकात संभावित है. इस दौरान रक्षा सहयोग को और मजबूत करने, भू-राजनीतिक मुद्दों पर संवाद बढ़ाने और तेल आपूर्ति से जुड़े मसलों पर गंभीर चर्चा होगी साथ ही इसमें रक्षा सहयोग, विशेष रूप से एस-400 मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी जैसे मुद्दे शामिल हैं. भारत अब तक रूस से 5 में से 3 एस-400 स्क्वाड्रन हासिल कर चुका है, जबकि बाकी की डिलीवरी रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते रुकी हुई है.

इस घड़ी में नाटो के कई देश अमेरिकी एफ-35 स्टेल्थ विमान की खरीद के सौदें को स्थगित करने का विचार कर रहे हैं.


विटकॉफ बुधवार सुबह मास्को पहुंचे जहां उनका स्वागत वनुकोवो हवाई अड्डे पर रूसी राष्ट्रपति के विशेष प्रतिनिधि और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष के प्रमुख किरिल दिमित्रिएव ने की. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की. सरकारी मीडिया तास के अनुसार, राष्ट्रपति की प्रेस सेवा ने कहा कि यह बैठक क्रेमलिन में हुई. मध्य पूर्व में वाशिंगटन के विशेष दूत विटकॉफ़ की 2025 में यह पांचवीं रूस यात्रा है.

**असहज अमेरिका** | भारत-रूस की दोस्ती पर नाराज है अमेरिका

# ट्रंप ने लगाया 50% टैरिफ

**नई दिल्ली. 6 अगस्त. बुधवार शाम ट्रंप प्रशासन ने भारत से आयात होने वाले सामान पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश जारी कर दिया, जिससे कुल टैरिफ दर 50 प्रतिशत हो गई है. अमेरिका ने इस फैसले के पीछे भारत द्वारा रूस से लगातार तेल खरीद को जिम्मेदार ठहराया है.**

नया टैरिफ आदेश 21 दिन बाद, यानी 27 अगस्त 2025 की मध्यरात्रि से लागू होगा. हालांकि, वे सामान जो 17 सितंबर से पहले अमेरिका पहुंच जाएंगे, और पहले से जहाज पर लोड हो चुके होंगे, उन पर यह शुल्क नहीं लगेगा.



अमेरिकी प्रशासन के मुताबिक यह निर्णय अमेरिका के रणनीतिक और व्यापारिक हितों की रक्षा के तहत लिया गया है. विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ सकता है. भारत सरकार की तरफ से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि यह फैसला भारत की विदेश नीति और रूस के साथ गहरे होते ऊर्जा संबंधों पर अमेरिका की असहजता को दर्शाता है.

### रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों के लिए टैरिफ दर कभी निर्दिष्ट नहीं की : ट्रम्प

**वाशिंगटन.** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि उन्होंने रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों के लिए टैरिफ दर कभी निर्दिष्ट नहीं की है. ट्रम्प ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक पर चर्चा के लिए आयोजित व्हाइट हाउस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए कहा, मैंने कभी प्रतिशत नहीं कहा, लेकिन हम इसका काफी हिस्सा लगाएंगे. हम देखेंगे कि अगले कुछ समय में क्या होता है. ट्रम्प से जब रूसी तेल आयात पर कथित 100 प्रतिशत टैरिफ के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कल हमारी रूस के साथ बैठक है. हम देखेंगे कि क्या होता है. अमरीकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों की संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली ने तीखी आलोचना की और उन पर भारत के साथ रणनीतिक संबंधों को खतरे में डालते हुए चीन के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया. हेली ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को रूस से तेल नहीं खरीदना चाहिए. लेकिन चीन जो एक विरोधी है और रूस एवं ईरान तेल का नंबर एक खरीदार है, को 90 दिनों के लिए टैरिफ पर रोक लगा दी गई है. चीन को छूट न दें और भारत जैसे मज़बूत सहयोगी के साथ अपने रिश्ते खराब न करें.